facebook.com/photo/?fbid=847296207415332&set=a.416873293790961




Kumaun University Nainital
May 22, 2024 ·

अकादमिक सत्र 2022-23 एवं 2023-24 में राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं द्वारा शिक्षण, शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित एवं पुरुस्कृत शिक्षकों को कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में मा० कुलपति प्रो० दीवान एस० रावत द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं नकद धनराशि प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

मा० कुलपति प्रो० रावत द्वारा अकादमिक सत्र 2022-23 हेतु प्रो० लज्जा भट्ट, डॉ० मनोज कुमार आर्या, प्रो० अतुल जोशी, डॉ० ऋचा गिन्वाल को एवं अकादमिक सत्... See more

16 1 1

Most relevant

Write a comment...

Show desktop

facebook.com/photo/?fbid=847307394080880&set=a.416873293790961

# नेक पहल : आईक्यूएसी द्वारा शिक्षण, शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु गुरुजनों को किया सम्मानित

**अब चुनौती सिर्फखुद को विकसित करने की नहीं है बल्कि राज्य विश्वविद्यालयों के लिए रोल मॉडल बनने की है : कुलपति प्रो. रावत**

आज समाचार सेवा

**नैनीताल।** हमारे समाज के निर्माण में शिक्षक की एक अहम भूमिका होती है क्योंकि ये शिक्षक ही है जो अपने विद्यार्थियों को समाज में एक अच्छा नागरिक बनाने के साथ उनका सर्वोत्तम विकास भी करते हैं। उसी शिक्षक को जब कोई अवार्ड या सम्मान मिले तो उनके कार्य करने की क्षमता में कई गुणा इजाफा हो जाता है इसके साथ ही उसमें और बेहतर करने की जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। बता दें कि इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कुमाऊं विश्वविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) द्वारा शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को मंगलवार को विशेष रुप से सम्मानित किया गया। अकादमिक सत्र 2022-23 एवं 2023-24 में राज्य तथा राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं द्वारा शिक्षण, शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित एवं पुरस्कृत शिक्षकों को कुमाऊं विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं नकद धनराशि प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. रावत ने कहा कि प्रतिवर्ष विश्वविद्यालय में शैक्षणिक, प्रशासनिक और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों व कर्मचारियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अब चुनौती सिर्फ खुद को विकसित करने की नहीं है बल्कि राज्य विश्वविद्यालयों के लिए रोल मॉडल बनने की है ताकि वे कुमाऊं विश्वविद्यालय में हो रही कुछ सर्वोत्तम प्रथाओं का अनुकरण कर सकें। कार्यक्रम के अंत में निदेशक आईक्यूएसी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर कुल सचिव दिनेश चंद्रा समेत वित्त नियंत्रक अनीता आर्या एवं विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## इन गुरुजनों को मिला कुलपति प्रो.रावत के हाथों विशेष सम्मान

**नैनीताल।** कुलपति प्रो. रावत द्वारा अकादमिक सत्र 2022-23 हेतु प्रो. लज्जा भट्ट, डॉ. मनोज कुमार आर्या, प्रो. अतुल जोशी, डॉ. ऋचा गिन्वाल को एवं अकादमिक सत्र 2023-24 हेतु प्रो. संतोष कुमार, प्रो. ललित मोहन तिवारी, प्रो. अर्चना नेगी साह, प्रो. एन.जी. साहू, प्रो. गीता तिवारी तथा प्रो. एम.सी. जोशी एवं डॉ. महेंद्र सिंह राणा को प्रशस्ति पत्र एवं नकद धनराशि प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

---

**Kumaun University Nainital**
May 22, 2024

मा० कुलपति प्रो० दीवान एस रावत द्वारा अकादमिक सत्र 2022-23 हेतु प्रो० लज्जा भट्ट, डॉ० मनोज कुमार आर्या, प्रो० अतुल जोशी, डॉ० ऋचा गिन्वाल को एवं अकादमिक सत्र 2023-24 हेतु प्रो० संतोष कुमार, प्रो० ललित मोहन तिवारी, प्रो० अर्चना नेगी साह, प्रो० एन०जी० साहू, प्रो० गीता तिवारी, प्रो० एम०सी० जोशी एवं डॉ० महेंद्र राणा को प्रशस्ति पत्र एवं नकद धनराशि प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

#LtGenGurmitSingh #puskarsinghdhami #cmuttarakhand #drdhansinghrawat... See more

8 1
Write a comment...